NBPPL
एनबीपीपीएल
A Joint Venture Company of NTPC & BHEL

# एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

**(एनटीपीसी और बीएचईएल का संयुक्त उद्यम)**

कॉर्पोरेट कार्यालय : "दी कोरेंथम", 6वां तल, टावर–बी, ए–41, सैक्टर–62, नौएडा–201301 ( उ.प्र. )
पंजीकृत कार्यालय : एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्पलैक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–3
प्लांट ऑफिस : वाई.एस.आर. पुरम, मन्नावरम, श्री कलाहस्ती मंडल, जिला– चित्तूर ( आ. प्र. )

संदर्भ सं.: आरईजी/एनबीपीपीएल/2012/03 दिनांक : 28.04.2012

## एनबीपीपीएल को अनुभवी इंजीनियरिंग, एचआर एवं वित्त व्यवसायिकों की आवश्यकता है

एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल), एनटीपीसी लि. और बीएचईएल, भारत सरकार की दो सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी कम्पनियों का संयुक्त उद्यम है। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य ईपीसी (इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति एवं निर्माण) एवं विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना एवं प्रोमोटर के प्रयास को आगे ले जाना है।

अपने ग्राहकों को संरचना से लेकर कमीशनिंग तक पूरे व्यवसाय समाधान की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए विद्युत क्षेत्रों में टर्न–की कार्यों के सम्पादन के लिए एनबीपीपीएल एक ईपीसी कम्पनी के रूप में कार्य करती है। एनबीपीपीएल मन्नावरम, तिरूपति के नजदीक, आंध्र प्रदेश में बैलेंस प्लांट जैसे कोल हैंडलिंग, ऍश हैंडलिंग प्लांट के लिए विनिर्माण सुविधाओं को स्थापित कर रहा है।

**रिक्तियां**: कम्पनी के समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए एनबीपीपीएल नीचे दिए गये विवरणों के अनुसार ''पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, पूंजी योजना व समन्वयन, योजना एवं विकास, निवेश तथा समन्वयन, क्वालिटी एश्योरेंस, सामग्री प्रबन्धन, विपणन, सूचना प्रौद्योगिकी, साइट प्रचालन, मानव संसाधन एवं वित्त'' में संबंधित अनुभव रखने वाले समर्पित, अनुभवी तथा स्वप्रेरित कार्यपालकों की नियुक्ति कर रही है:

| | | | | | | कार्य–वार रिक्तियां | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र सं. | पद | स्तर | वेतनमान (आईडीए पद्धति) (रु.) | न्यूनतम कुल अनुभव | ऊपरी आयु सीमा(वर्ष) | पी पी ई | पी एम | सी पी एंड सी | पी एंड डी | क्यू ए | एम एम | आई एंड सी | मा–र्केट | आई टी | एसओ (प्रोजेक्ट साइट) | एसओ (एमपी) | एसओ (सेफ्टी) | एच आर | वित्त | कुल |
| 1 | इंजीनियर/एग्जीक्यूटिव | ई 1 | 24900-50500 | 2 | 30 | 3 | 2 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | 5 | - | - | 3 | 2 | 17 |
| 2 | वरिष्ठ इंजीनियर/एग्जीक्यूटिव | ई 2 | 29100-54500 | 5 | 33 | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | 1 | - | 4 | - | 1 | 3 | 2 | 14 |
| 3 | उप प्रबन्धक | ई 3 | 32900-58000 | 7 | 36 | 1 | - | - | - | - | 3 | - | 1 | - | 5 | 3 | - | - | 2 | 15 |
| 4 | प्रबन्धक | ई 4 | 36600-62000 | 10 | 39 | 7 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 10 | - | 1 | 1 | - | 25 |
| 5 | वरिष्ठ प्रबन्धक | ई 5 | 43200-66000 | 14 | 43 | 7 | 4 | - | - | 1 | - | - | 1 | - | 4 | - | - | - | 2 | 19 |
| 6 | उप महा प्रबन्धक | ई 6 | 43200-66000 | 16 | 46 | 1 | 2 | - | - | - | - | - | 1 | - | 4 | - | - | 1 | 1 | 10 |
| 7 | अतिरिक्त महा प्रबन्धक | ई 7 | 51300-73000 | 20 | 50 | 1 | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 | - | 3 | - | - | - | - | 7 |
| | कुल | | | | | 20 | 11 | 2 | 1 | 2 | 6 | 1 | 6 | 1 | 35 | 3 | 2 | 8 | 9 | 107 |

* रिक्तियों की संख्या अस्थायी है व आवश्यकतानुसार परिवर्तित हो सकती है।

**पीपीई**–पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, **पीएम**–प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, **सीपीएंडसी**– कैपिटल प्लानिंग व कॉर्डिनेशन, **पीएण्डडी**–योजना एवं विकास, **क्यूए**–क्वालिटी एश्योरेंस, **एमएम**–सामग्री प्रबन्धन, **आईएण्डसी**–निवेश एवं समन्वयन, **मार्केट**–विपणन, **आईटी**–इंर्फोमेशन टैक्नोलॉजी, **एसओ(पीएस)**–साइट प्रचालन(प्रोजेक्ट साइट) **एसओ(एमपी)**–साइट प्रचालन(मैनुफैक्चरिंग प्लांट) **एसओ(सुरक्षा)**–साइट प्रचालन(सुरक्षा) **एचआर**–मानव संसाधन, **फाइनेंस**–वित्त

**पदस्थापन का स्थान** : रिक्तियां कॉर्पोरेट ऑफिस, मन्नावरम (तिरूपति के निकट) स्थित मैनुफक्चरिंग प्लांट एवं पूरे देश की विभिन्न प्रोजेक्ट साइट्स के पदस्थापन हेतु हैं। यद्यपि कॉर्पोरेट ऑफिस अभी नोएडा में है जो कि जल्द ही आंध्रप्रदेश के मन्नावरम/तिरूपति में स्थानांतरित होगा। उम्मीदवार को भारत या विदेश में कहीं भी कार्य करने के लिए तैयार होना होगा।

**आरक्षण और छूट**:

| ग्रेड | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व |
| ई 1 | 17 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| ई 2 | 14 | 8 | 1 | 1 | 4 |
| ई 3 | 15 | 5 | 4 | 1 | 5 |
| ई 4 | 25 | 12 | 4 | 2 | 7 |
| ई 5 | 19 | 10 | 3 | 1 | 5 |
| ई 6 | 10 | 8 | 0 | 0 | 2 |
| ई 7 | 7 | 5 | 1 | 0 | 1 |

इसके अलावा, सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार विकलांग व्यक्तियों को हॉरीजेन्टल आरक्षण के रूप में 3% आरक्षण दिया जायेगा।

**टिप्पणी**:

1. अ.पि.व. के लिए आरक्षित रिक्तियों का मतलब केवल ''नान क्रीमी लेयर'' के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों से है। नॉन क्रीमी लेयर का मतलब ऐसे उम्मीदवार से है जिनके माता–पिता की सकल वार्षिक आय डीओपीटी ओएम सं. 36033/3/2004–ईस्ट; आरईएसद्ध दिनांक 14 अक्टूबर, 2008 के अनुसार पिछले तीन समानान्तर वर्षों में रु. 4.5 लाख से अधिक नहीं है। नॉन क्रीमी लेयर में उन माता–पिता के आश्रित शामिल नहीं हैं जो ग्रुप ए में केन्द्र/राज्य सरकार, पीएसयू में कार्यरत है या जो प्रारम्भ में ग्रुप बी में थे और 40 वर्ष से कम आयु तक ग्रुप–ए में सेवा की है।
2. 40% से अधिक विकलांगता वाले विकलांग व्यक्ति आरक्षण के लिए योग्य होंगे। विकलांगता प्रमाणपत्रा डीओपीटी ओ एम नं. 36035/3/2005–ईस्ट; आरईएसद्ध दिनांक 29.12.2005 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी के लिए पदों की पहचान के लिए डीपीओटी सं. 16–25/99 एन.आई.आई. के अनुसार ऐसे पदों के लिए अधिसूचना का संदर्भ लिया जाएगा।
3. उपरोक्त दी गई संख्या अनुमानित है और इनमें पुर्नविचार किया जा सकता है।

**आयु सीमा में छूट**:

– अन्य पिछड़ा वर्ग ;नॉन क्रीमी लेयरद्ध के लिए 3 वर्ष
– अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष
– चलन विकलांगता या श्रवण बाधिता के साथ विकलांग उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष। चलन विकलांगता और श्रवण बाधिता के साथ विकलांग व्यक्तियों की परिभाषा ''विकलांग व्यक्ति (समान अवसर संरक्षा अधिकार एवं समग्र भागीदारी) अधिनियम 1995'' के अनुसार है।
– 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू व कश्मीर के निवासी रहे उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष
– संबंधित इंजीनियरिंग संकाय में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री के साथ वाले उम्मीदवारों की आयु में अधिकतम 2 वर्ष तक की छूट।

**योग्यता**:–

**क. पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग/प्रोजेक्ट मैनेजमेंट/पूंजी योजना व समन्वयन/योजना एवं विकास/क्वालिटी एश्योरेंस/ सामग्री प्रबन्धन/निवेश एवं समन्वयन/विपणन/सूचना प्रौद्योगिकी/साइट प्रचालन (प्रोजेक्ट साइट)/साइट प्रचालन(मैनुफैक्चरिंग प्लांट) पदों के लिए**:

एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित इंजीनियरिंग/तकनीकी विषय में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। सभी सेमिस्टर/वर्ष के अंकों का योग (संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त किसी वेटेज के बिना) अनारक्षित/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 60% एवं अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 50% से कम न हो। संबंधित इंजीनियरिंग विषयों में पूर्ण–कालिक स्नातकोत्तर डिग्री उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट होगी।

| कार्य क्षेत्र | स्वीकार्य इंजीनियरिंग संकाय |
|---|---|
| पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| प्रोजेक्ट मैनेजमेंट | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/सिविल/ इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| पूंजी योजना व समन्वयन | सिविल/मैकेनिकल |
| योजना एवं विकास | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/सिविल/इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| क्वालिटी एश्योरेंस | मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल |
| सामग्री प्रबन्धन | मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल |
| निवेश एवं समन्वयन | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/सिविल/इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| विपणन | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/सिविल/इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| सूचना प्रौद्योगिकी | कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी |
| साइट प्रचालन (प्रोजेक्ट साइट) | इलैक्ट्रिकल/मैकेनिकल/सिविल/इलैक्ट्रोनिक्स/ कंट्रोल व इन्सट्रूमेंटेशन |
| साइट प्रचालन(मैनुफैक्चरिंग प्लांट) | मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल |

**ख. मानव संसाधन पदों के लिए**: किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक के साथ सामाजिक कार्य/औद्योगिक सम्बंधों/व्यक्तिगत प्रबन्धन/व्यवसाय प्रशासन में विशिष्टता सहित अनारक्षित/अ.पि.व. के लिए 60% और अ.जा./अ.ज.जाउम्मीदवारों के लिए 50% अंकों के साथ एचआर में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

**ग. वित्त पदों के लिए** : इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता सभी स्तर स्टेज के कुल अंको का योग 50% होना चाहिए।

**घ. साइट संचालन ( सुरक्षा ) के लिए** : एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित इंजीनियरिंग/तकनीकी विषय में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। सभी सेमिस्टर/वर्ष के अंकों का योग (संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त किसी वेटेज के बिना) अनारक्षित/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 60% एवं अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 50% से कम न हो एवं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक सुरक्षा में कम से कम एक वर्षीय डिप्लोमा हो।

**अनुभव प्रोफाइल**:–

1. **पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग**: मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कन्ट्रोल एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशनः डिजाइन और/या इंजीनियरिंग, प्रोपोजल/प्रोक्यूरमेंट इंजीनियरिंग में अनुभव के साथ इंजीनियर और निम्नलिखित किसी भी एक क्षेत्र में साइट
   - क. बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर, आग्जिलरीज या प्लांट आइटम का बैलेंस जैसे कोल हैंडलिंग प्लांट, ऍश हैंडलिंग प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट एण्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, फ्रयूल ऑयल हैंडलिंग सिस्टम, ए/सी और वैंटिलेशन सिस्टम, अग्निशमन सुरक्षा, अपशिष्ट ट्रीटमेंट तथा हैंडलिंग सिस्टम।
   - ख. इलेक्ट्रिकल प्रोटेक्शन एण्ड कन्ट्रोल, लेआउट, केबलिंग या ग्राउंडिंग आदि जैसे पावर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसपफार्मर, एचटी एवं एलटी स्विचगियर, डीसी सिस्टम, केबल एवं केबलिंग, लाइटिंग आदि को शामिल करते हुए उपकरण एवं प्रणाली।
   - ग. बॉयलरों के लिए एनालॉग और बाईनरी कन्ट्रोल को शामिल करते हुए प्रोपोजल/बेसिक स्टेशन सी एण्ड आई पावर प्लांट, टर्बाइन और जनरेटर तथा प्लांट एरिया का बैलेंस, इंस्ट्रूमेंटेशन एवं लेआउट, इंटरलॉक एवं प्रोटेक्शन एवं वस्तुओं की अधिप्राप्ति इंजीनियरिंग जैसे कन्ट्रोल वाल्वस, फ्रलो एलीमेंट तथा लोकल इंस्ट्रूमेंटेशन आदि।
2. **प्रोजेक्ट मैनेजमेंट**: प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कार्यों में मुख्यतः मास्टर नेटवर्क शिड्यूल को तैयार करना और परियोजना कार्य की निगरानी, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग समन्वयन, वाणिज्यिक निविदा मूल्यांकन, बीबीयू तथा कैश फ्रलो स्टेटमेंट को समझना और तैयार करना, इंजीनियरिंग इंडस्ट्री/प्रोजेक्ट्स में साइट मामलों का समन्वयन का अनुभव।
3. **पूंजी योजना व समन्वयन**: ऑफरों का अनुमान व तकनीकी मूल्यांकन व मात्राओं का बिल तैयार करने के साथ कार्य अनुबंध क्षेत्र की तैयारी में अनुभव।
4. **योजना एवं विकास.**: योजना एवं विकास/केन्द्रीय योजना– वर्तमान एवं दीर्घ अवधि, कॉर्पोरेट प्लानिंग, इंजीनियरिंग उद्योग/परियोजनाओं में नई परियोजनाओं/उत्पादों का विकास।
5. **क्वालिटी एश्योरेंस/कन्ट्रोल**: कम्पनी में इंजीनियरिंग उद्योग/परियोजनाओं में क्वालिटी एश्योरेंस/कन्ट्रोल, निरीक्षण तथा परपफारमेंस टेस्टिंग अनुभव। अल्ट्रासॉनिक टेस्टिंग/रेडियोग्राफिक टेस्टिंग में लेवल 2 या लेवल 3 के साथ वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. **सामग्री प्रबन्धन**: इंजीनियरिंग उद्योग/परियोजनाओं में सामग्री योजना/क्रय/उप अनुबंध/क्रय व स्टोर्स
7. **निवेश एवं समन्वयन**: मुख्यतः लागत लाभ अध्ययन, इंजीनियरिंग उद्योग/परियोजनाओं में विभिन्न विकल्पों के लिए निवेश पर रिटर्न की गणना से संबंधित निवेश एवं समन्वयन अनुभव।
8. **विपणन**: विपणन कार्यों में मुख्यतः मार्किट स्कैनिंग, वैधानिक निकायों के साथ सम्पर्क, ग्राहकों तथा आंतरिक विभागों के साथ कार्यक्षेत्र, नियम व शर्तों तथा विशिष्टताओं का निर्धारण– विपणन गतिविधियां जैसे परियोजनाओं में टैण्डरिंग, अनुबंध तथा अन्य वाणिज्यिक कार्य का इंजीनियरिंग उद्योग परियोजनाओं में अनुभव।
9. **सूचना प्रौद्योगिकी**: संस्थान में आईटी प्रैक्टिस का संचालन व आईटी पॉलिसी, योजना, आर्किटेक्चर बनाने का अनुभव। उम्मीदवार सर्वर, नेटवर्क मैनेजमेंट, कम्प्यूटर हार्डवेयर मैनेजमेंट, आईटी सिक्युरिटी, आईटी एप्लीकेशन इम्प्लीमेंटेशन, आईटी प्रोक्योरमेंट प्रोपोजल में कार्य कर चुका हो।
10. **साइट प्रचालन ( प्रोजेक्ट साइट्स )**:
    – मैकेनिकल इंजीनियर जिसके पास बॉयलर के इरेक्शन, टर्बाइन, जनरेटर, पाइपिंग, आग्जिलरीज या साइट संचालन में क्वालिटी सिस्टम / सेफ्टी प्रैक्टिस के ज्ञान के साथ पाइपिंग के इरेक्शन, इंसुलेशन, वेल्डिंग, एनडीटी में अनुभव।
    – इलेक्ट्रिकल इंजीनियर जिनके पास मुख्यतः पावर परियोजनाओं में अवसंरचना परियोजनाओं में कमीशनिंग कार्य, इलेक्ट्रिकल इक्विटमेंट इरेक्शन, एचटी/एलटी स्विचगैयर, ईएचवी स्विचगैयर, कैबलिंग, लाइट्स में अनुभव हो।
    – सीएण्डआई इंजीनियर जिसके पास मुख्यतः पावर परियोजनाआ की अवसंरचना परियोजनाओं में कमीशनिंग कार्यों व सीएण्डआई इरेक्शन में अनुभव हो।
    – सिविल इंजीनियर जिसको मुख्यतः पावर परियोजनाओं की निर्माण योजनाओं में सभी प्रकार के सिविल कार्यों का अनुभव हो।
11. **साइट प्रचालन( सुरक्षा )**: पावर स्टेशन या इंजीनियरिंग इंडस्ट्री में इंडस्ट्री सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण में अनुभव।
12. **साइट प्रचालन( मैनुफैक्चरिंग प्लांट)**: मॉडर्न मशीन शॉप में मैन्टेनेन्स फंक्शन जिसमें सामान्य उद्देश्य की मशीनें जैसे सीएनसी लैथे, हॉरिजॉनटल बोरिंग, वीएलटी इत्यादि में अनुभव वाले इंजीनियरिंग स्नातक। मशीनरी इंस्टालेशन के ज्ञान को लाभ मिलेगा।
13. **वित्त**: कोष प्रबन्धन, बैंकिंग, प्रचालन, लेखा एवं ऑडिट, कार्यशील पूजी प्रबन्धन, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर, लेखा प्रबन्धन, बजटिंग, कॉस्टिंग के क्षेत्र में गहन ज्ञान।
14. **मानव संसाधन**: एचआर कार्य जैसे नीति निर्धारण, मानवशक्ति योजना, नियुक्ति, प्रदर्शन प्रबंधन, संगठनात्मक विकास, क्षतिपूर्ति एवं लाभ, प्रशासन, पुरस्कार एवं सम्मान, औद्योगिक सम्बंध एवं कल्याण, प्रशिक्षण विकास इत्यादि।

**चयन की प्रक्रिया**: केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा।

**सामान्य निर्देश**:

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के योग्य हैं।
2. इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई प्रक्रिया शुल्क लागू नहीं है।

;3. अ.पि.व., अ.जा., अ.ज.जा. श्रेणियां ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सावधानी पूर्वक भरे जाने चाहिए और बाद में इनमें परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. आयु/योग्यता/न्यूनतम अनुभव से संबंधित सभी निर्धारण विज्ञापन में दर्शाई गई ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के आधार पर किया जाएगा। परिणाम की घोषणा/अंकपत्र जारी करने की तिथि योग्यता प्राप्त करने की तिथि मानी जाएगी और इसमें कोई छूट नहीं होगी। पद/लेवल हेतु योग्यता पश्चात एग्जीक्यूटिव अनुभव को भी इस तिथि से ही जोड़ा जाएगा।
5. प्रबन्धन के पास न्यूनतम योग्यता मानकों/मानदण्डों को बढ़ाने का अधिकार है। यदि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते तो प्रबन्धन के पास योग्यता मानकों/मानदण्डों में छूट देने/कम करने का अधिकार है। यदि आवेदन रिक्तियों की संख्या के 1:10 से अधिक के अनुपात में मिलेंगे तो उम्मीदवारों को सूचीत किया जाएगा और उन्हें प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर 1:10 के अनुपात में बुलाया जाएगा।
6. साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों को उनके नजदीकी स्टेशन या पत्राचार पते जो भी साक्षात्कार के स्थान के नजदीक हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने–जाने का एकल एसी–2 टायर का मेल/एक्सप्रेस ट्रेन किराया या इकोनॉमी किराया जो भी कम हो, दिया जायेगा। यद्यपि ई1 पद के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों को स्लीपर क्लास (नॉन–एसी) का किराया दिया जाएगा।
7. किसी व्यक्तिगत श्रेणी से संबंध रखने वाले उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पी. डब्ल्यू. डी प्रमाणपत्र जैसा लागू हो, को अवश्य जमा करना होगा। अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पी.डब्ल्यू.डी. के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार छूट दी जाएगी।
8. कम्पनी के पास अपनी जरूरत के अनुसार बिना कोई कारण बताए या बिना कोई सूचना के रिक्तियों की संख्या को निरस्त/प्रतिबद्ध/कम करने और नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अधिकार है।
9. किसी भी पद के लिए आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वह पद के लिए दिये गये योग्यता मापदण्डों को पूरा करते है और दिए गए विवरण सभी प्रकार से पूर्ण रूप से सत्य हैं। यदि चयन प्रक्रिया में बाद भी उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी गलत या मिथ्या पाई जाती है तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जायेगा या नियुक्ति के बाद भी यदि पता चलता है कि उम्मीदवार द्वारा मिथ्या या गलत जानकारी दी गई थी तो उसे बिना कोई कारण बताए उसकी सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा।
10. वर्तमान में सरकारी विभागों, पीएसयू या स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से आवेदन करे और साक्षात्कार के समय ''अनापत्ति'' प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। यद्यपि किसी भी परेशानी या बाधा की स्थिति में वह सीधे आवेदन कर सकते हैं और उन्हें चयन हो जाने पर अपने संगठन द्वारा जारी किया गया ''रिलीविंग लैटर'' प्रस्तुत करना होगा। यद्यपि, एनटीपीसी और बीएचईएल के कर्मचारियों के लिए साक्षात्कार के समय एनओसी देना जरूरी शर्त है।
11. एनबीपीपीएल डाक में देरी या दस्तावेजों के खो जाने के कारण निर्धारित तिथि तक जमा न होने वाले आवेदनों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
12. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कार्य की आवश्यकतानुसार या प्रबन्धन के निर्णय के अधीन कहीं भी की जा सकती है। नियुक्ति तद्नुसार परिवर्तित की जा सकती है।
13. उम्मीदवार स्वस्थ होना चाहिए। चयन पर उनकी नियुक्ति कम्पनी के नियमानुसार जरूरी चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन होगी।
14. इस विज्ञापन एवं/या इसके जवाब में किसी आवेदन के कारण यदि कोई दावे या विवाद के मामले को लेकर किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही दिल्ली न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का विषय होगी।
15. कंपनी बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**आवेदन कैसे करें**:

आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने है जिसका लिंक हमारी वेबसाइट www.nbppl.in पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन पत्र तभी स्वीकार किये जाएंगे जब लागू श्रेणी के अनुसार सभी जानकारियां पूरी तरह भरी जाएंगी। आवेदन जमा हो जाने के बाद एक पावती पत्र मिलेगा जिसे दस्तावेजों (अर्थात् अंकपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों, व्यावसायिक डिग्री, जन्म तिथि का प्रमाण, अनुभव प्रमाणपत्रों, एनओसी आदि) के साथ स्पीड पोस्ट/कोरियर के द्वारा नियुक्ति प्रकोष्ठ, एचआर विभाग, एनबीपीपीएल, दि कोरेथम, छठां तल, टॉवर–बी, ए–41, सैक्टर–62, नोएडा–201301 (यू.पी.) के पास भेज दें। उम्मीदवारों को यह सुझाव दिया जाता है कि वह सभी कागजातों की मूल प्रति के साथ तैयार रहे, साक्षात्कार में बुलाए जाने पर इन्हें प्रस्तुत करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि** | **दिनांक : 02.05.2012** | **समय प्रातः 10.00 बजे** |
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** | **दिनांक : 16.05.2012** | **समय सायं 06.00 बजे** |
| **दस्तावेजों के प्राप्त होने की अंतिम तिथि** | **दिनांक : 23.05.2012** | **समय सायं 06.00 बजे** |

25x38cm